इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 50] भोपाल, शनिवार, दिनांक 30 जनवरी 2021—माघ 10, शक 1942

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 जनवरी 2021

क्र. 137--1893—2019—ए—सोलह.—**नियमों का निम्नलिखित प्रारूप जिसे कि राज्य सरकार मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 67 के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा न्यूनतम वेतन (मध्यप्रदेश) नियम, 1958 तथा मध्यप्रदेश मजदूरी भुगतान नियम, 1962 को अतिष्ठित करते हुए बनाना प्रस्तावित करती है, उक्त धारा 67 की उप-धारा (1) द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार, उन समस्त व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिनके कि उससे प्रभावित होने की संभावना है, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है और एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि नियमों के उक्त प्रारूप को राजपत्र में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिवस का अवसान होने पर विचार में लिया जाएगा।**

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो नियमों के उक्त प्रारूप के संबंध में किसी व्यक्ति से ऊपर विनिर्दिष्ट कालावधि की समाप्ति से पूर्व उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल या श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन 518, नया मोती बंग्लो, एम.जी. रोड, इंदौर 452007 पर या ई-मेल द्वारा dslabourmp@mp.gov.in अथवा lcmpenf@mp.gov.in पर प्राप्त हो, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

प्रारूप नियम

अध्याय एक

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तारतथा प्रारम्भ.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश मजदूरी संहिता नियम, 2021 है।

(2) इनका विस्तार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश राज्य पर होगा।

(3) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.- (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अपील" से अभिप्रेत है धारा 49 की उप-धारा (1) के अधीन की गई अपील;

(ख) "अपील प्राधिकारी" से अभिप्रेत है धारा 49 की उप-धारा (1) के अधीन शासन द्वारा नियुक्त अपील प्राधिकारी;

(ग) "प्राधिकारी" से अभिप्रेत है धारा 45 की उप-धारा (1) के अधीन शासन द्वारा नियुक्त प्राधिकारी;

(घ) "बोर्ड" से अभिप्रेत है धारा 42 की उप-धारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित मध्यप्रदेश राज्य सलाहकार बोर्ड;

(ड.) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है बोर्ड का अध्यक्ष;

(च) "संहिता" से अभिप्रेत है मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का 29);

(छ) "समिति" से अभिप्रेत है धारा 8 की उप-धारा (1) के खंड (क) के अधीन मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा नियुक्त समिति;

(ज) "दिन" से अभिप्रेत है मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाली 24 घंटे की अवधि ;

(ञ) "सरकार" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश सरकार;

(झ) "फ्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों में संलग्न प्ररूप;

(ट) "अत्यधिक कुशल व्यवसाय" से अभिप्रेत है कोई व्यवसाय जिसके निष्पादन में विशिष्ट स्तर की उत्कृष्टता की मांग होती है और किसी पर्याप्त अवधि के लिए गहन तकनीकी अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण अथवा व्यावहारिक व्यावसायिक अनुभव के माध्यम से अर्जित क्षमता अपेक्षित होती है और साथ ही किसी कर्मचारी से यह अपेक्षा होती है कि ऐसे व्यवसाय के निष्पादन में शामिल अपने मत या निर्णय के लिए सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार करे;

(ठ) "निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता" से अभिप्रेत है धारा 51 की उप-धारा (1) के अधीन, अधिसूचना द्वारा, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति;

(ड) "सदस्य" से अभिप्रेत है बोर्ड का कोई सदस्य, जिसमें इसका अध्यक्ष भी सम्मिलित है;

(ढ) "मेट्रोपोलिटन क्षेत्र" से अभिप्रेत है कोई सुसंबद्ध क्षेत्र जिसकी जनसंख्या चालीस लाख अथवा अधिक है, जिसमें एक या अधिक जिले सम्मिलित हैं;

(ण) "गैर-मेट्रोपोलिटन क्षेत्र" से अभिप्रेत है कोई सुसंबद्ध क्षेत्र जिसकी जनसंख्या दस लाख से अधिक लेकिन चालीस लाख से कम है, जिसमें एक या अधिक जिले सम्मिलित हैं;

(त) "जनसंख्या" से अभिप्रेत है अंतिम पूर्व वर्ती जनगणना में यथा निर्धारित जनसंख्या जिसके सुसंगत आंकड़े प्रकाशित किए गए हैं;

(थ) "पंजीकृत ट्रेड यूनियन" से अभिप्रेत है कोई ट्रेड यूनियन जो ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 (1926 का 16) के अधीन पंजीकृत है;

(द) "ग्रामीण क्षेत्र" से अभिप्रेत है वह क्षेत्र जो मेट्रोपोलिटन क्षेत्र अथवा गैर-मेट्रोपोलिटन क्षेत्र नहीं है;

(ध) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों की अनुसूची;

(न) "धारा" से अभिप्रेत है इस संहिता की कोई धारा;

(प) "अर्ध कुशल व्यवसाय" से अभिप्रेत है कोई व्यवसाय जिसमें इसके निष्पादन में जॉब पर अनुभव द्वारा अर्जित कौशल का उपयोग अपेक्षित होता है और जो किसी कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण अथवा मार्गदर्शन के अधीन उपयोग किए जाने लायक होता है और इसमें अकुशल व्यवसाय पर पर्यवेक्षण भी शामिल है;

(फ) "कुशल व्यवसाय" से अभिप्रेत है कोई व्यवसाय जिसमें इसके निष्पादन में जॉब पर अनुभव के द्वारा अथवा किसी तकनीकी या व्यावसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के माध्यम से कुशलता और सक्षमता अंतर्ग्रस्त होती है और जिसके निष्पादन में पहल करने और विवेक की आवश्यकता होती है;

(ब) "अकुशल व्यवसाय" से अभिप्रेत है कोई व्यवसाय जिसमें इसके निष्पादन में केवल प्रचालन अनुभव के उपयोग की आवश्यकता होती है और इसमें कोई अतिरिक्त कौशल शामिल नहीं होता है;

(2) समस्त अन्य शब्द तथा अभिव्यक्तियां जो इन नियमों में प्रयुक्त हुई हैं किन्तु परिभाषित नहीं किए गए क्रमशः वही अर्थ होंगे जो इस संहिता के अधीन दिए गए हैं।

अध्याय दो

न्यूनतम मजदूरी

3. **मजदूरी की न्यूनतम दर की गणना करने की रीति.** - (1) धारा 6 की उप-धारा (5) के प्रयोजनार्थ, मजदूरी की न्यूनतम दर केन्द्र सरकार द्वारा धारा 9 की उप-धारा (1) के अधीन निर्धारित निर्वाह मजदूरी के आधार पर नियत की जाएगी-

(2) जब एक दिन के लिए मजदूरी की दर नियत की जाती है, तब एक घंटे के लिए मजदूरी दर नियत करने के लिए ऐसी राशि को आठ से भाग दिया जाएगा और एक महीने के लिए मजदूरी की दर नियत करने के लिए छब्बीस से गुणा किया जाएगा और ऐसे भाग और गुणा में आधे या आधे से अधिक गुणनखंड को अगले अंक के रूप में पूर्णांकित किया जाएगा और आधे से कम गुणनखंड को नहीं गिना जाएगा।

4. **मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करने के लिए मानदंड.**- (1) धारा 6 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करते समय राज्य सरकार संबंधित भौगोलिक क्षेत्र को तीन वर्गों अर्थात् मेट्रोपोलिटन क्षेत्र, गैर-मेट्रोपोलिटन क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में विभाजित करेगी।

(2) राज्य सरकार, कौशल वर्गीकरण के संबंध में राज्य सरकार को सलाह देने के प्रयोजनार्थ, एक तकनीकी समिति गठित करेगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात्:-

(एक) श्रमायुक्त- अध्यक्ष;

(दो) अपर श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश शासन- सदस्य;

(तीन) मध्यप्रदेश सरकार से एक प्रतिनिधि जो कौशल विकास का कार्य देख रहा हो- विशेषज्ञ;

(चार) मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यथा नामित मजदूरी निर्धारण में दो तकनीकी विशेषज्ञ- सदस्य; और

(पांच) उप श्रमायुक्त/सहायक श्रमायुक्त, श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन- ऐसी तकनीकी समिति का सदस्य सचिव।

(3) राज्य सरकार, उप-नियम (2) में निर्दिष्ट तकनीकी समिति की सलाह पर, कर्मचारियों के व्यवसायों को अनूसूची ङ में विनिर्दिष्ट ऐसे व्यवसायों को संशोधित करके, हटाकर अथवा वर्गीकरण कर कोई प्रविष्टि जोड़कर चार वर्गों में अर्थात् अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल वर्गों में वर्गीकृत करेगी।

5. **मंहगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिए समय अंतराल.-** यह प्रयास किया जाएगा जिससे कि निर्वाह भत्ते की लागत और रियायती दर पर आवश्यक वस्तुओं के संबंध में रियायत के नकद मूल्य की गणना हर वर्ष एक बार 1 अप्रैल से पहले और फिर 1 अक्टूबर से पहले न्यूनतम मजदूरी पर कर्मचारियों को देय मंहगाई भत्ते को संशोधित करने के लिए की जाए।

6. **एक सामान्य कार्य दिवस गठित करने वाले कार्य घंटों की संख्या.–** (1) धारा 13 की उप-धारा (1) के खंड (क) के अधीन सामान्य कार्य दिवस में कार्य के आठ घंटे शामिल होंगे और विश्राम का एक या अधिक अंतराल कुल मिलाकर एक घंटे से अधिक नहीं होगा।

(2) कर्मचारी के कार्य दिवस को इस तरह से व्यवस्थित किया जाएगा कि उसका फैलाव विश्राम के अंतरालों, यदि कोई हों, को मिलाकर यह किसी भी दिन 12 घंटे से अधिक नहीं हो।

(3) कृषि रोजगार में नियोजित कर्मचारी के मामले में उप -नियम (1) और (2) के उपबंध ऐसे संशोधनों के अध्यधीन होंगे जैसे कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विहित किए जाएं ।

(4) इस नियम की कोई भी बात उपजीविका जन्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य तथा कर्म दशाऐं संहिता, 2020 के उपबंधों को प्रभावित करने वाली नहीं समझी जाएगी।

7. **वह परिस्थिति जिनमें कोई कर्मचारी पूरे सामान्य कार्य दिवस के लिए मजदूरी प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा:-** कोई व्यक्ति, जो सामान्य कार्य दिवस गठित करने वाले घण्टों की अपेक्षित संख्या से कम की अवधि के लिए नियोजित किया गया हो पूर्ण कार्य दिवस के मज़दूरी प्राप्त करने का उस सीमा तक हकदार नहीं होगा जिस सीमा तक सामान्य कार्य दिवस की अवधि में उसने स्वयं को अनुपस्थित रखा हो।

8. **विश्राम का साप्ताहिक दिन.–** (1) इस नियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए किसी कर्मचारी को प्रत्येक सप्ताह एक दिन का विश्राम दिया जाएगा (जिसे इसमें इसके पश्चात् "विश्राम दिन" के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) जो सामान्य रूप से रविवार होगा, लेकिन नियोक्ता सप्ताह के किसी भी अन्य दिन को किसी भी कर्मचारी अथवा कर्मचारियों की श्रेणी के लिए विश्राम के दिन के रूप में नियत कर सकता है:

परन्तु कोई कर्मचारी इस उप- नियम के अधीन विश्राम दिन का हकदार होगा यदि उसने उसी नियोक्ता के अधीन छह दिन से अनिम्न निरंतर अवधि के लिए काम किया है:

परन्तु यह भी कि विश्राम दिन के रूप में नियत दिन और बाद में विश्राम दिन में परिवर्तन की सूचना, कर्मचारी को परिवर्तन प्रभावी करने से पहले निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता द्वारा इस बाबत् में रोजगार के स्थान पर विनिर्दिष्ट स्थान पर सूचना प्रदर्शित करके दी जाएगी।

स्पष्टीकरण.- इस उप-नियम के प्रथम परंतुक में विनिर्दिष्ट छह से अनिम्न दिनों की निरंतर अवधि की गणना करने के प्रयोजनार्थ किसी भी दिन, जिसको कर्मचारी का कार्य करना अपेक्षित है, लेकिन उसे उपस्थिति के लिए केवल भत्ता दिया जाता है और उसे काम नहीं दिया जाता है, तब औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अधीन प्रतिकर के भुगतान पर किसी दिन, जिसको कर्मचारी को कामबंदी पर रखा जाता है और विश्राम दिन के तुरन्त पहले छह दिन की अवधि में किसी नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को सवेतन या वेतनरहित किसी छुट्टी या अवकाश को उन दिनों के रूप में माना जाएगा जिस दिन कर्मचारी ने काम किया है।

(2) किसी भी ऐसे कर्मचारी से विश्राम के दिन काम करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी या काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके पास विश्राम दिन के तुरंत पहले या बाद में पांच दिनों में से किसी एक पूरे दिन का प्रतिस्थापित विश्राम दिन नहीं है अथवा न हो:

परन्तु कोई भी प्रतिस्थापन नहीं किया जाएगा, जो कर्मचारी को एक पूरे विश्राम दिन के बिना लगातार 10 दिन से अधिक काम करने में परिणामित हो।

(3) इस नियम के पूर्वगामी उपबंधों के अनुसार जहां कोई भी कर्मचारी किसी विश्राम के दिन काम करता है और उसे विश्राम दिन के पहले या बाद पांच दिन में किसी भी दिन प्रतिस्थापित विश्राम दिन दिया गया है तब विश्राम दिन को, काम के साप्ताहिक घंटों की गणना के प्रयोजनार्थ उस सप्ताह में सम्मिलित कर दिया जाएगा, जिसमें प्रतिस्थापित विश्राम दिन आया है।

(4) कर्मचारी को -

(क) विश्राम दिन के लिए अगले पूर्ववर्ती दिन के लिए लागू दर पर परिकलित मजदूरी दी जाएगी; और

(ख) जहां पर वह विश्राम के दिन काम करता है और उसे उस विश्राम दिन के लिए, जिस पर उसने कार्य किया है समयोपरि दर से और प्रतिस्थापित विश्राम दिन के लिए, अगले पूर्ववर्ती दिन के लिए लागू दर से मजदूरी दी जाएगी:

परंतु जहां-

(एक) संहिता के अधीन अधिसूचित कर्मचारी की मजदूरी की न्यूनतम दर, है; मजदूरी की न्यूनतम मासिक दर को छब्बीस से भाग देकर निकाली गई; अथवा

(दो) कर्मचारी की मजदूरी की वास्तविक दैनिक दर, मजदूरी की मासिक दर को छब्बीस से भाग करके निकाली गई है और मजदूरी की ऐसी वास्तविक दैनिक दर कर्मचारी की अधिसूचित न्यूनतम दैनिक दर से कम नहीं है, तब विश्राम दिन के लिए कोई मजदूरी देय नहीं होगी; और

(तीन) कर्मचारी विश्राम के दिन काम करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिन दिया गया है तब उसे केवल उसी विश्राम दिन के लिए समयोपरि दर पर देय मजदूरी के बराबर राशि दी जाएगी जिस दिन उसने काम किया है; और, यदि कोई विवाद उद्भूत होता है, कि क्या इस परंतुक के उपबंधों के अनुसार मजदूरी की दैनिक दर निकाली गई है, तब श्रम आयुक्त अथवा अपर श्रमायुक्त इस बाबत् उन्हें किए गए आवेदन पर, संबंधित पक्षों को अपने लिखित अभ्यावेदनों के लिए अवसर देने के पश्चात्, उसका विनिश्चय करेंगे:

परंतु किसी कर्मचारी के मात्रानुपाती दर प्रणाली से शासित होने की दशा में विश्राम दिन अथवा प्रतिस्थापित विश्राम दिन यथास्थिति के लिए मजदूरी ऐसी होगी जैसी कि राज्य सरकार रोजगार के संबंध में इस संहिता के अधीन नियत मजदूरी की न्यूनतम दर को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर निर्धारित करे।

स्पष्टीकरण.- इस उप-नियम में 'अगला पूर्ववर्ती दिन' से अभिप्रेत है वह अंतिम दिन, जिसको कर्मचारी ने काम किया है, जो यथास्थिति विश्राम दिन या प्रतिस्थापित विश्राम दिन के पहले आता है और जहां प्रतिस्थापित विश्राम दिन, विश्राम दिन के तुरंत अगले दिन आता है, तब अगला पूर्ववर्ती दिन से अभिप्रेत है वह अंतिम दिन जिसको कर्मचारी ने काम किया है और जो विश्राम दिन के पहले था।

(5) इस नियम के उपबंध अधिक अनुकूल निबंधनों, यदि कोई हैं तो, पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेंगे, जिसमें कर्मचारी किसी अन्य विधि के अधीन अथवा किसी पंचाट, अनुबंध अथवा सेवा की संविदा के निबंधनों के अधीन हकदार है, और ऐसी दशा में, कर्मचारी केवल पूर्वोक्त केवल अधिक अनुकूल निबंधनों का हकदार होगा।

स्पष्टीकरण.- इस नियम के प्रयोजनार्थ, 'सप्ताह' से अभिप्रेत होगा शनिवार रात्रि की अर्द्ध रात्रि से शुरू होकर सात दिन की कोई अवधि।

9. रात्रि पालियां.– जहां पर कोई कर्मचारी किसी रोजगार में पाली में काम करता है, जो अर्ध रात्रि पर भी चलती है, तब, -

(क) नियम 7 के प्रयोजनार्थ पूरे दिन के लिए विश्राम दिन से, इस मामले में अभिप्रेत है, उसकी पाली समाप्त होने के समय से शुरू होकर लगातार चौबीस घंटे की अवधि; और

(ख) ऐसे मामले में अगला दिन ऐसी पाली के समाप्त होने के समय से शुरू होकर चौबीस घंटे की अवधि का समझा जाएगा, और अर्ध रात्रि के बाद के घंटों को, जिसके दौरान ऐसे कर्मचारी ने काम किया था, पूर्व दिवस में गिना जाएगा।

10. धारा 13 की उप-धारा (2) के प्रयोजनार्थ विस्तार एवं शर्तें.- यदि कर्मचारी -

(क) आपातस्थिति में कार्यरत है, जिसका पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता था या उसे रोका नहीं जा सकता था;

(ख) प्रारम्भिक या पूरक प्रकृति के कार्यों में लगा हुआ है जिसे अनिवार्य रूप से संबंधित रोजगार में सामान्य कार्य के लिए अधिकथित सीमाओं से बाहर कराया जाना चाहिए;

(ग) जिसका रोजगार अनिवार्य रूप से अनिरंतर है;

(घ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है जिसे तकनीकी कारणों से ड्यूटी समाप्त होने से पूरा किया जाना है; और

(ङ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है, जिसे प्राकृतिक शक्तियों की अनियमित क्रिया पर कभी-कभी निर्भर होने के सिवाय नहीं किया जा सकता था;

तब नियम 6,7,और 8 के उपबंध इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए लागू होंगे कि-

(एक) कर्मचारी के कार्यघंटों का फैलाव किसी भी दिन 16 घंटों से अधिक नहीं होगा; और

(दो) विश्राम के अंतराल को छोड़कर वास्तविक कार्य घंटे और निष्क्रियता की अवधि, जिसके दौरान कर्मचारी ड्यूटी पर रहा हो लेकिन उससे शारीरिक गतिविधि करने या नियमित उपस्थिति के लिए नहीं कहा गया हो, किसी भी दिन में 9 घंटे से अधिक नहीं होगी।

11. **धारा 10 के परन्तुक के खंड (दो) के अधीन परिस्थितियां** :- कर्मचारी धारा 10 के अधीन पूर्ण सामान्य कार्य दिवस के लिए मजदूरी प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा यदि वह तत्समय प्रवृत्त अन्य किसी विधि के अधीन ऐसी मजदूरी का हकदार नहीं है।

12. लम्बी मजदूरी अवधि.- धारा 14 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर के प्रयोजनार्थ लम्बी मजदूरी अवधि एक महीने तक होगी।

अध्याय तीन
मजदूरी का भुगतान

13. धारा 18 की उप-धारा (4) के अधीन वसूली.- जहां धारा 18 की उप-धारा (2) के अधीन प्राधिकृत कुल कटौतियां किसी कर्मचारी की मजदूरी के 50 प्रतिशत से अधिक है, तब आधिक्य को अग्रनीत किया जाएगा और यथास्थिति उत्तरवर्ती मजदूरी अवधि या अवधियों, से ऐसी किस्तों में वसूल किया जाएगा ताकि किसी भी माह में वसूली उस माह में कर्मचारी की मजदूरी के पचास प्रतिशत से अधिक न हो।

14. धारा 19 की उप-धारा(1) के अधीन प्राधिकारी.- धारा 19 की उप-धारा (1) के प्रयोजनार्थ श्रम अधिकारी अथवा सहायक श्रमायुक्त प्राधिकारी होंगे।

15. धारा 19 की उप-धारा (2) के अधीन सूचना प्रदर्शित करने की रीति.- धारा 19 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट सूचना उस कार्य स्थल के परिसर में, जहां पर रोजगार किया जाता है, प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित की जाएगी, ताकि प्रत्येक संबंधित कर्मचारी सूचना की विषय-वस्तु को आसानी से पढ़ सके और सूचना की एक प्रति क्षेत्राधिकार रखने वाले निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को भेजी जाएगी।

16. धारा 19 की उप-धारा(3) के अधीन प्रक्रिया.- नियोक्ता, नियम 12 में निर्दिष्ट जुर्माना लगाने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए उसमें विनिर्दिष्ट विस्तृत विवरणों की लिखित रूप में सूचना श्रम अधिकारी अथवा सहायक श्रमायुक्त को देगा, जो स्वीकृति प्रदान करने या उससे इंकार करने से पूर्व पहले संबंधित कर्मचारी और नियोक्ता को सुने जाने का अवसर प्रदान करेगा।

17. कटौती की सूचना.- (1) जहां कोई नियोक्ता धारा 20 की उप-धारा (2) के उपबंध के अनुसरण में कोई भी कटौती करता है, तब वह ऐसी कटौती की सूचना ऐसी कटौती के कारणों को स्पष्ट करते हुए, ऐसी कटौती की तारीख से 10 दिन के अंदर क्षेत्राधिकार रखने वाले निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता को देगा।

(2) निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता उप-नियम (1) के अधीन ऐसी सूचना प्राप्त होने के पश्चात् ऐसी सूचना की जांच करेगा और यदि वह यह पाता है कि उसमें दिया गया स्पष्टीकरण संहिता के किसी भी उपबंध या उसके अधीन बनाए गए नियम के उल्लंघन में है, तब वह नियोक्ता के विरूद्ध संहिता के अधीन समुचित कार्रवाई शुरू करेगा।

18. धारा 21 की उप-धारा (2) के अधीन कटौती के लिए प्रक्रिया:- यदि कोई नियोक्ता कर्मचारी के वेतन से धारा 21 की उप-धारा (1) के अधीन नुकसान अथवा हानि के लिए कटौती करना चाहता है, तो वह -

(एक) कर्मचारी को अभिव्यक्त: उसकी अभिरक्षा के लिए उसे सौंपे गए सामान के नुकसान अथवा हानि अथवा धन के नुकसान के लिए, जिसके लिए उसका उत्तरदायी होना अपेक्षित है तथा किस प्रकार से ऐसे नुकसान अथवा हानि के लिए प्रत्यक्ष रूप से उस कर्मचारी की उदासीनता अथवा चूक उत्तरदायी है, के बारे में व्यक्तिगत रूप से तथा लिखित भी कर्मचारी को समझाएगा; और

(दो) तत्पश्चात्, कर्मचारी को कोई स्पष्टीकरण देने का एक अवसर देगा तथा किसी नुकसान अथवा हानि के लिए यदि कोई कटौती की जाती है, तो ऐसी कटौती करने की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जाएगी।

19. धारा 23 के अधीन अग्रिम की वसूली के संबंध में शर्तें - यथास्थिति,

(एक) धारा 23 के खण्ड (ख) के अधीन नियोजन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी कर्मचारी को दिए गए अग्रिम धन; अथवा

(दो) किसी कर्मचारी द्वारा धारा 23 के खण्ड (ग) के अधीन अर्जित नहीं किए गए वेतन के अग्रिम;

की वसूली, नियोक्ता द्वारा निर्धारित किश्तों में संबंधित कर्मचारी के वेतन में से की जाएगी, ताकि कोई एक किश्त अथवा सभी किश्तें उस वेतन अवधि में कर्मचारी के वेतन के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होंगी तथा ऐसी वसूली का विवरण प्ररूप-एक में रखे गए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

20. धारा 24 के अधीन कटौती - राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित भवन निर्माण अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए स्वीकृत ऋणों और उनके संबंध में देय ब्याज की वसूली हेतु कटौतियां समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देश तथा जारी परिपत्र के अध्यधीन रहते हुए उस सीमा, तक की जाएंगी जिस तक ऐसे ऋण प्रदान किए जाएं तथा उस पर ब्याज दर देय हो।

अध्याय चार
बोनस का भुगतान

21. **छठे लेखा वर्ष के लिए सेट ऑन अथवा सेट ऑफ की गणना** - छठे लेखा वर्ष के लिए यथास्थिति सेट ऑन अथवा सेट ऑफ की गणना धारा 26 की उप-धारा (7) के खण्ड (एक) के अधीन अनुसूची 'क' में वर्णित रीति से पांचवे तथा छठे लेखा वर्ष से संबंधित आबंटन योग्य सरप्लस सेट ऑन अथवा सेट ऑफ की अधिकता अथवा कमी, यदि कोई हो, यथास्थिति को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

22. **सातवे लेखा वर्ष के लिए सेट ऑन अथवा सेट ऑफ की गणना** - सातवें लेखा वर्ष के लिए यथास्थिति सेट ऑन अथवा सेट ऑफ, की गणना धारा 26 की उप-धारा (7) के खण्ड (दो) के अधीन अनुसूची 'क' में वर्णित ढंग से पांचवे, छठे एवं सातवे लेखा वर्ष के संबंध में आबंटन योग्य सरप्लस सेट ऑन अथवा सेट ऑफ की यथास्थिति अधिकता अथवा कमी, यदि कोई हो, को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

23. **धारा 32 के खण्ड (क) के अधीन सकल लाभों की गणना** - किसी नियोक्ता द्वारा किसी प्रतिष्ठान से लेखा वर्ष के संबंध में प्राप्त किए गए सकल लाभों की गणना बैंकिंग कम्पनी के मामले में अनुसूची 'ख' में विनिर्दिष्ट रीति में की जाएगी।

24. **धारा 32 के खण्ड (ख) के अधीन सकल लाभों की गणना** - किसी नियोक्ता द्वारा किसी प्रतिष्ठान से लेखा वर्ष के संबंध में प्राप्त किए गए सकल लाभों की गणना बैंकिंग कम्पनी से भिन्न मामले में अनुसूची 'ग' में विनिर्दिष्ट रीति में की जाएगी।

25. **धारा 34 के खण्ड (ग) के अधीन अधिक राशियों की कटौति** - नियोक्ता के संबंध में अनुसूची 'घ' में यथा विनिर्दिष्ट अधिक राशियों की कटौति धारा 34 के खण्ड (ग) के अधीन पूर्व शुल्कों के रूप में सकल लाभ से की जाएगी।

26. **धारा 36 की उप-धारा (1) के अधीन अग्रनयन की रीति**- जहां किसी लेखा वर्ष के लिए आबंटन योग्य अधिशेष (सरप्लस) धारा 26 के अधीन प्रतिष्ठान में के कर्मचारियों को देय अधिकतम बोनस की राशि से अधिक हो जाता है, तो वह अधिक राशि को, उस लेखा वर्ष में प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मचारियों के कुल वेतन या मजदूरी के 20 प्रतिशत की सीमा के अध्यधीन रहते हुए अनुसूची 'क' में यथा वर्णित अनुसार रीति में बोनस के भुगतान के प्रयोजनार्थ प्रयोग किए जाने के लिए चौथे लेखा वर्ष सहित आगामी लेखा वर्ष और इसी प्रकार आगे के लेखा वर्षों में सेट ऑन करने के लिए अग्रेषित किया जाएगा।

27. धारा 36 की उप-धारा (2) के अधीन अग्रनयन करने की रीति - किसी लेखा वर्ष के लिए जहां कोई अधिशेष (सरप्लस) उपलब्ध नहीं है अथवा उस वर्ष का आबंटन योग्य अधिशेष (सरप्लस) धारा 26 के अधीन प्रतिष्ठान में के कर्मचारियों को देय न्यूनतम बोनस की राशि से कम हो जाता है तथा नियम 24 के अधीन अग्रनीत कोई राशि पर्याप्त तथा सेट ऑन नहीं है, जिसे न्यूनतम बोनस के भुगतान के प्रयोजनार्थ प्रयोग किया जा सकता हो, तब यथास्थिति, ऐसी न्यूनतम राशि अथवा कमी, को अनुसूची 'क' में वर्णित रीति में चौथे लेखा वर्ष सहित आगामी लेखा वर्ष तथा उसके बाद के वर्षों में सेट ऑफ करने के लिए अग्रनीत किया जाएगा।

अध्याय पांच
मध्यप्रदेश सलाहकार बोर्ड

क. धारा 42 की उप-धारा (10) के अधीन राज्य सलाहकार बोर्ड की प्रक्रिया-

28. बोर्ड का गठन (1) बोर्ड में राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले, धारा 42 की उप-धारा (6) के खण्ड (क) एवं (ख) में यथानिर्दिष्ट नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति तथा खण्ड (ग) में यथानिर्दिष्ट स्वतंत्र व्यक्ति शामिल होंगे।

(2) धारा 42 की उप-धारा (6) के खण्ड (क) में यथानिर्दिष्ट नियोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले छह व्यक्ति होंगे तथा उस उप-धारा के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले भी छह व्यक्ति होंगे, जिसमें से नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों की कम से कम एक प्रतिनिधि महिला सदस्य होगी।

(3) राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले धारा 42 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) में विनिर्दिष्ट स्वतंत्र व्यक्तियों में निम्नलिखित शामिल होंगे, अर्थात्:-

(एक) अध्यक्ष;

(दो) राज्य विधानसभा का एक सदस्य;

(तीन) दो सदस्य, जिनमें से प्रत्येक वेतन एवं श्रम संबंधी मुद्दों के क्षेत्र में का कोई व्यावसायी होगा।

(चार) एक सदस्य, जो औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947 (1947 का 14) की धारा 7क के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित औद्योगिक अधिकरण का पीठासीन अधिकारी हो अथवा रह चुका हो; और

(पांच) दो सदस्य, जिनमें से प्रत्येक राज्य के दो कार्य विभागों के उपसचिव पद से अनिम्न स्तर का कोई प्रतिनिधि होगा ।

29. **बोर्ड के अतिरिक्त कृत्य** - धारा 42 की उप-धारा (4) में विनिर्दिष्ट कृत्यों के अतिरिक्त, बोर्ड राज्य सरकार द्वारा निर्देश किए जाने पर निम्नलिखित के संबंध में न्यूनतम मजदूरी के निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर सरकार को परामर्श देता है -

(एक) श्रमजीवी पत्रकार एवं अन्य समाचारपत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तों) एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम,1955 (1955 का 45) की धारा 2 के खण्ड (च) में यथापरिभाषित श्रमजीवी पत्रकार; और

(दो) बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा शर्तें) अधिनियम,1976 (1976 का 11) की धारा 2 के ख़ण्ड (घ) में यथापरिभाषित बिक्री संवर्धन कर्मचारी।

30. **बोर्ड के सम्मिलन** :- अध्यक्ष, नियम 32 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए किसी भी समय, जब वह उचित समझे, बोर्ड के सम्मिलन बुला सकेगा:

परंतु आधे से अनिम्न सदस्यों की लिखित में मांग पर, अध्यक्ष ऐसी मांग प्राप्त होने की तारीख के तीस दिन के भीतर सम्मिलन बुलाऐंगे।

31. **सम्मिलन की सूचना**- अध्यक्ष प्रत्येक सम्मिलन की तारीख, समय एवं स्थान नियत करेंगे तथा पूर्वोक्त विवरण को शामिल करते हुए सम्मिलन में संचालित किए जाने वाले कारबार के साथ एक लिखित सूचना ऐसे सम्मिलन की निर्धारित तारीख से कम-से कम पन्द्रह दिन पहले पंजीकृत डाक एवं इलैक्ट्रोनिक रूप से प्रत्येक सदस्य को भेजी जाएगी:

परंतु किसी आकस्मिक सम्मिलन की दशा में, प्रत्येक सदस्य को केवल सात दिन की सूचना दी जा सकेगी।

32. **अध्यक्ष के कृत्य**:- अध्यक्ष-

(एक) बोर्ड के सम्मिलनों की अध्यक्षता करेगा:

परंतु किसी सम्मिलन में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, सदस्य अपने में से सम्मिलन की अध्यक्षता करने हेतु मतों के बहुमत से एक सदस्य का चुनाव करेंगे, जो ऐसे सम्मिलन की अध्यक्षता करेगा;

(दो) बोर्ड की प्रत्येक सम्मिलन की कार्यसूची का विनिश्चय करेगा;

(तीन) जहां बोर्ड के सम्मिलन में, यदि कोई मुद्दा मतदान द्वारा विनिश्चित किया जाना है, तो मतदान कराएगा तथा सम्मिलन में गुप्त मतदान की गणना करेगा अथवा कराएगा।

33. **गणपूर्ति** - किसी सम्मिलन में कोई कार्य नहीं किया जाएगा जब तक कि सदस्यों में से कम से कम एक-तिहाई सदस्य तथा नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों दोनों का कम से कम एक-एक प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो:

परंतु यदि किसी सम्मिलन में एक-तिहाई सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित हैं, तो अध्यक्ष उस सम्मिलन को मूल सम्मिलन की तारीख से सात दिन अपश्चात् की तारीख के लिए स्थगित कर सकेगा तथा ऐसे स्थगित सम्मिलन में कार्य का निपटान विधिपूर्ण हो जाएगा, चाहे उपस्थित सदस्यों की संख्या कुछ भी हो:

परंतु यह और कि ऐसे स्थगित सम्मिलन की तारीख, समय एवं स्थान सभी सदस्यों को इलेक्ट्रानिक रूप से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा सूचित किया जाएगा।

34. **बोर्ड के कारबार का निपटान** - बोर्ड के सभी कारबार पर बोर्ड के सम्मिलन में विचार किया जाएगा तथा उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा विनिश्चिय किया जाएगा तथा बराबर मत होने पर, अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा;

परंतु अध्यक्ष, यदि वह उचित समझ, तो निदेश दे सकेगा कि किसी मामले को आवश्यक दस्तावेजों के परिचालन तथा सदस्यों का लिखित मत प्राप्त करके विनिश्चित किया जाए:

परंतु यह और कि पूर्ववर्ती परंतुक के अधीन किसी मामले में कोई भी विनिश्चय तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि दो-तिहाई से अनिम्न सदस्य इसका समर्थन न करें।

35. **मतदान का तरीका** - बोर्ड में मतदान सामान्यत: हाथ उठाकर किया जाएगा परंतु यदि कोई सदस्य मतपत्र द्वारा मतदान के लिए कहता है अथवा यदि अध्यक्ष ऐसा विनिश्चित करता है, तो मतदान गुप्त मतपत्र द्वारा एवं ऐसी रीति में आयोजित किया जाएगा जैसा कि अध्यक्ष विनिश्चित करे।

36. **सम्मिलनों की कार्यवाहियां** - (1) बोर्ड के प्रत्येक सम्मिलन की कार्यवाहियां, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ सम्मिलन में उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाते हुए, सम्मिलन के यथासंभव पश्चात्, परंतु किसी भी दशा में अगले सम्मिलन से सात से अनिम्न दिन पहले प्रत्येक सदस्य तथा सरकार को अग्रेषित की जाएंगी।

(2) बोर्ड के प्रत्येक सम्मिलन की कार्यवाहियां ऐसे संशोधन, यदि कोई हो, जैसा कि आवश्यक समझा जाए, के अनुरूप होंगी।

37. **साक्षियों को आहूत करना एवं दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण** (एक) अध्यक्ष, यदि अपने कर्तव्य के निवर्हन के दौरान अपेक्षित हो, तो किसी व्यक्ति को साक्षी के रूप में प्रस्तुत होने के लिए आहूत कर सकेगा तथा किसी व्यक्ति से कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा।

(2) प्रत्येक व्यक्ति जिसे बुलाया जाता है तथा जो बोर्ड के समक्ष साक्षी के रूप में प्रस्तुत होता है, वह अपने द्वारा किए गए खर्च के लिए सिविल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने वाले साक्षियों को देय भत्ते के भुगातन के लिए तत्समय वृत्त परिमाण के अनुसार भत्ते का पात्र होगा।

38. **समितियों की नियुक्ति** - राज्य सरकार धारा 8 की उप-धारा (1) के खंड (क) के अधीन इस खंड में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए उतनी समितियां गठित कर सकेगी, जितनी कि वह आवश्यक समझे।

ख. धारा 42 की उप-धारा (1) के अधीन बोर्ड के सदस्यों की पदावधि

39. **बोर्ड के सदस्यों की पदावधि** :- (1) यथास्थिति अध्यक्ष अथवा किसी सदस्य की पदावधि, धारा 42 की उप-धारा(1) के अधीन उसकी नियुक्ति अथवा नामनिर्देशन की तारीख से प्रारंभ होकर सामान्यत: दो वर्ष की होगी:

परंतु ऐसे अध्यक्ष अथवा सदस्य, दो वर्ष की उक्त अवधि की समाप्ति के होते हुए भी यथास्थिति अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति अथवा नामनिर्देशन, तक अपने पद पर बने रहेंगे।

(2) किसी आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए नामित बोर्ड का कोई स्वतंत्र सदस्य उस सदस्य के शेष कार्यकाल की अवधि के लिए पद पर बना रहेगा जिसके स्थान पर उसको नामित किया गया है।

(3) बोर्ड के आधिकारिक सदस्य तब तक अपने पद पर बने रहेंगे जब तक कि उनका स्थान उनके जैसे अन्य आधिकारिक सदस्यों द्वारा न ले लिया जाए।

(4) उप-नियम (1), (2), एवं (3) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, बोर्ड के सदस्य राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।

40. **यात्रा भत्ता-** बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रत्येक सदस्य ऐसे सदस्य के रूप में उनके द्वारा अपने कर्तव्यों के संबंध में की गई किसी भी यात्रा के लिए राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारी को लागू दरों एवं शर्तों के अध्यधीन रहते हुए यात्रा एवं पड़ाव भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे।

41. **अधिकारी एवं कर्मचारिवृंद -** राज्य सरकार बोर्ड के कामकाज के लिए बोर्ड को सहायक श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश शासन से अनिम्न पद श्रेणी का एक सचिव, ऐसे अन्य अधिकारी एवं कर्मचारिवृंद उपलब्ध करा कराएगा जैसे कि वह आवश्यक समझे।

42. **बोर्ड के सदस्यों के पुनर्नामनिर्देशन हेतु पात्रता -** कोई निवर्तमान सदस्य कुल दो से अनधिक कार्यकाल के लिए बोर्ड की सदस्यता के लिए पुनर्नामनिर्देशन हेतु पात्र होगा।

43. **बोर्ड के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का त्यागपत्र -** (1) अध्यक्ष से भिन्न बोर्ड का कोई सदस्य, अध्यक्ष को लिखित में सूचना देकर अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकेगा तथा अध्यक्ष राज्य सरकार को संबोधित किसी पत्र द्वारा त्यागपत्र दे सकेगा।

(2) त्यागपत्र, इसकी स्वीकृती की सूचना की तारीख से अथवा त्यागपत्र की तारीख से 30 दिन की समाप्ति पर, जो भी पहले हो, प्रभावी होगा।

(3) जब बोर्ड की सदस्यता में कोई रिक्ति होती है अथवा रिक्ति होने की संभावना हो, तो अध्यक्ष तत्काल इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा तथा राज्य सरकार, तब, संहिता के उपबंधों के अनुसार रिक्तियों को भरने हेतु कदम उठाएगी।

44. **सदस्यता की समाप्ति-** यदि बोर्ड का कोई सदस्य, अध्यक्ष को पूर्व सूचना दिए बिना, तीन लगातार बैठकों में उपस्थित रहने में असफल रहता है, तो वह उसका सदस्य नहीं रह जाएगा।

45. **निरर्हता -** (1) कोई व्यक्ति बोर्ड के सदस्य के रुप में नामित होने तथा बोर्ड का सदस्य होने के लिए निरर्ह हो जाएगा-

(एक) यदि वह किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा विकृत चित्त घोषित कर दिया जाता है; अथवा

(दो) यदि वह अनुन्मुक्त दिवालिया है; अथवा

(तीन) यदि संहिता के प्रारम्भ होने के पहले अथवा बाद में उसे नैतिक अधमता अन्तर्वलित करने वाले अपराध का सिध्ददोष ठहराया गया है।

(2) यदि कोई प्रश्न उद्भूत होता है कि क्या उप-नियम (1) के अधीन कोई अयोग्यता हुई है या नहीं, तो इस पर राज्य सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

अध्याय छह
शोध्य, दावों इत्यादि का भुगतान

46. **धारा 44 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन भुगतान** - जब संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को देय कोई राशि उसकी मृत्यु पश्चात् अथवा उसका ठिकाना नहीं पता होने के कारण शोध्य है, तथा इस राशि के कर्मचारी को देय होने की तारीख से तीन माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामिति को यह राशि भुगतान नहीं की जा सकी, तो नियोक्ता द्वारा ऐसी राशि क्षेत्राधिकार वाले श्रम अधिकारी अथवा सहायक श्रमायुक्त के पास जमा कराई जाएगी, जो उसके पास इस प्रकार राशि जमा कराए जाने की तारीख के दो माह के अंदर कर्मचारी द्वारा नामित व्यक्ति को उसकी पहचान सुनिश्चित करने के पश्चात् उस राशि का वितरण करेगा।

47. **धारा 44 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवितरित शोध्य का जमा किया जाना.-** (1) जहॉ इस संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को देय कोई राशि या तो कर्मचारी द्वारा कोई नामनिर्देशन नहीं किए जाने के कारण अथवा अन्य किसी कारण से अवितरित रह जाती है तथा ऐसी राशि के देय होने की तारीख से छह माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामिति को इस राशि का भुगतान नहीं किया जा सका, तो नियोक्ता द्वारा ऐसी सम्पूर्ण राशि उक्त छह माह की अवधि के अंतिम दिन से पन्द्रह दिन की समाप्ति से पहले क्षेत्राधिकार रखने वाले श्रम अधिकारी के पास जमा की जाएगी।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट राशि नियोक्ता द्वारा क्षेत्राधिकार रखने वाले श्रम अधिकारी के पास बैंक अंतरण के माध्यम से अथवा भारत में के किसी अनुसूचित बैंक से प्राप्त ऐसे श्रम पदाधिकारी के पक्ष में आहरण योग्य डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जाएगी।

48. **धारा 44 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन अवितरित शोध्य के निपटान की रीति.-** (1) नियम 47 के उप-नियम (1) में निर्दिष्ट, क्षेत्राधिकार रखने वाले श्रम अधिकारी के पास निशिचत राशि (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस नियम में राशि के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) उसके पास ही रहेगी और केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेशित की जाएगी अथवा किसी अनुसूचित बैंक में सावधि जमा के रूप में निक्षिप्त की जाएगी।

(2) क्षेत्राधिकार रखने वाला श्रम अधिकारी, यथासंभव शीघ्र, ऐसी विशिष्टियों अंतर्विष्ट करने वाली एक सूचना, जैसी कि श्रम अधिकारी सूचनार्थ पर्याप्त समझे, कम से कम पंद्रह दिनों के लिए सूचना पटल पर प्रदर्शित करेगा और ऐसी सूचना को ऐसे क्षेत्र में, जिसमें असंवितरित मजदूरी अर्जित की गई थी, सामान्य तौर पर समझी जाने वाली भाषा में परिचालित किन्हीं दो समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराएगा।

(3) उप-नियम (4) के उपबंध के अध्यधीन रहते हुए, क्षेत्राधिकार रखने वाला श्रम अधिकारी यथास्थिति नामिति अथवा उस व्यक्ति को, जिसने ऐसी राशि का दावा किया है, जिसके पक्ष में ऐसे श्रम अधिकारी ने सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् राशि भुगतान करने का विनिश्चय किया है, राशि जारी करेगा।

(4) यदि अवितरित राशि तीन वर्ष में लिए अदावाकृत बनी रहती है, तो इसका निपटान इस संबंध में समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा यथा-निर्देशित रीति से किया जाएगा।

अध्याय सात
प्ररूप, रजिस्टर एवं वेतन पर्ची

49. **एकल आवेदन का प्ररूप.-** धारा 45 की उप-धारा (5) के अधीन कोई एकल आवेदन प्ररूप-दो में ऐसे प्ररूप में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ दायर किया जा सकेगा।

50. **अपील:-** धारा 45 की उप-धारा (2) के अधीन प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति धारा 49 की उप-धारा (1) के अधीन प्ररूप-तीन में, उस प्ररूप में वर्णित दस्तावेजों के साथ, क्षेत्राधिकार रखने वाले अपील प्राधिकारी को अपील कर सकेगा।

51. **रजिस्टर इत्यादि का प्ररूप.-** (1) धारा 19 की उप-धारा (8) में निर्दिष्ट सभी जुर्माने एवं उनकी वसूलियां इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप-एक में नियोक्ता द्वारा रखे जाने वाले किसी रजिस्टर में इलैक्ट्रानिक रूप से अथवा अन्यथा रखी जाएंगी तथा उक्त उप-धारा (8) में निर्दिष्ट प्राधिकारी श्रेत्राधिकार रखने वाला श्रम अधिकारी होगा।

(2) धारा 21 की उप-धारा (3) में निर्दिष्ट सभी कटौतियां एवं वसूलियां इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप-एक में नियोक्ता द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर में इलैक्ट्रानिक रूप से अथवा अन्यथा रखी जाएंगी।

(3) किसी भी प्रतिष्ठान का प्रत्येक नियोक्ता जिस पर यह संहिता लागू होती है, धारा 50 की उप-धारा (1) के अधीन प्ररूप एक तथा चार में इलैक्ट्रानिक रूप में अथवा अन्यथा रजिस्टर संधारित करेगा।

52. **वेतन पर्ची.-** प्रत्येक नियोक्ता वेतन के भुगतान के समय अथवा उससे पहले धारा 50 की उप-धारा (3) के अधीन प्ररूप पांच में अपने कर्मचारियों को इलैक्ट्रानिक रूप में अथवा अन्यथा वेतन पर्ची जारी करेगा।

53. **निरीक्षक-सह-सुकरकर्ताओं की शक्तियां-** संहिता की धारा 51 की उप-धारा (5) में विनिर्दिष्ट शक्तियों के अतिरिक्त, किसी निरीक्षक- सह- सुकरकर्ता को संहिता के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए अभियोजन या किसी न्यायालय के समक्ष किसी भी शिकायत या संहिता के अधीन उद्भूत अन्य कार्यवाही का संचालन या बचाव करने या निरीक्षक-सह-सुकरकर्ता के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और ऐसा साक्ष्य प्राप्त करने की शक्ति होगी, जैसा कि आवश्यक हो।

54. **धारा 53 की उप-धारा (1) के अधीन जाँच करने की रीति-**(1) जब धारा 53 की उप-धारा (1) के अधीन नियुक्त अधिकारी (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस नियम में अधिकारी के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) के समक्ष उक्त उप-धारा में निर्दिष्ट अपराधों के संबंध में राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ किसी प्राधिकृत अधिकारी अथवा व्यथित कर्मचारी अथवा श्रमिक संघ अधिनियम, 1926 के अधीन पंजीकृत किसी पंजीकृत श्रमिक संघ अथवा किसी निरीक्षक-सह-सुकरकर्ता द्वारा कोई शिकायत दायर की जाती है, तो शिकायतकर्ता द्वारा उसके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों पर विचार करने के पश्चात् यदि अधिकारी का मत है कि अपराध किया गया है, तो वह अपराधी को प्रस्तुत होने के लिए तारीख का निर्धारण करते हुए शिकायत में विनिर्दिष्ट पते पर समन जारी करेगा।

(2) यदि अपराधी, जिसे उप-नियम (1) के अधीन समन जारी किया गया है, उपस्थित होता है अथवा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो अधिकारी उसे उसके विरूध्द शिकायत किए गए अपराध का उल्लेख करेगा और यदि अपराधी दोष स्वीकार करता है तो अधिकारी संहिता के उपबंधों के अनुसार उस पर शास्ति अधिरोपित करेगा और जब अपराधी दोष स्वीकार नहीं करता है, तो अधिकारी शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत गवाहों के शपथ पर साक्ष्य लेगा तथा इस तरह लाए गए गवाहों से प्रतिपरीक्षण का अवसर उपलब्ध कराएगा। अधिकारी गवाहों के बयान शपथ पर तथा प्रतिपरीक्षण में लिखित में रिकार्ड करेगा और दस्तावेजी साक्ष्यों को रिकार्ड पर लेगा।

(3) अधिकारी, शिकायतकर्ता के साक्ष्य पूर्ण होने के पश्चात, दोषी व्यक्ति को प्रतिरक्षा का अवसर प्रदान करेगा तथा दोषी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत गवाहों के शपथ पर बयान के पश्चात् शिकायतकर्ता द्वारा उनका प्रतिपरीक्षण किया जाएगा तथा अधिकारी द्वारा बचाव में दिए गए दस्तावेजी साक्ष्यों को रिकार्ड पर लिया जाएगा।

(4) अधिकारी पक्षकारों को सुनने तथा मौखिक एवं दस्तावेजी दोनों साक्ष्यों पर विचार करके संहिता के उपबंधो के अनुसार शिकायत पर विनिश्चय करेगा।

55. **धारा 56 की उप-धारा (1) के अधीन जुर्माना अधिरोपित करने की रीति-** (1) कोई दोषी व्यक्ति यदि धारा 56 की उप-धारा (1) के अधीन अपराध का प्रशमन करने का इच्छुक है, तो वह उक्त उप-धारा (1) के अधीन अधिसूचित राजपत्रित अधिकारी को प्ररूप छह में आवेदन कर सकेगा।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट राजपत्रित अधिकारी, ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर स्वयं का समाधान करेगा कि अपराध संहिता के अधीन प्रशमन योग्य है या नहीं और यदि अपराध प्रशमन योग्य है तथा दोषी व्यक्ति प्रशमन के लिए सहमत हो जाता है, तो संहिता के अधीन ऐसे अपराध के लिए उपबंधित अधिकतम जुर्माने की पचास प्रतिशत राशि पर अपराध की सुलह की जाएगी जिसका ऐसे अधिकारी द्वारा जारी प्रशमन आदेश में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर दोषी व्यक्ति द्वारा भुगतान किया जाएगा।

(3) जहां अभियोजन संस्थित होने के पश्चात् उप-नियम (2) के अधीन अपराध में सुलह की गई है, तो अधिकारी अपनें द्वारा जारी किए गए ऐसे आदेश को प्रति धारा 56 की उप-धारा (6) के अधीन आवश्यक कार्रवाई हेतु धारा 53 की उप-धारा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी को सूचना के लिए भेजेगा।

अध्याय आठ

विविध

56. **वेतन का समय पर भुगतान** - जहां कर्मचारी किसी प्रतिष्ठान में ठेकेदार के माध्यम से नियोजित हैं, तो कम्पनी अथवा फर्म अथवा संगम अथवा कोई अन्य व्यक्ति, जो उस प्रतिष्ठान का मालिक है, ठेकेदार को यथास्थिति उसे या उसके, द्वारा देय राशि का भुगतान वेतन के भुगतान की तारीख से पहले करेगा, ताकि कर्मचारियों को वेतन का भुगतान धारा 17 के उपबंधों के अनुसार निश्चित रूप से किया जा सके।

स्पष्टीकरण:- इस नियम के प्रयोजनार्थ पद "फर्म" का वही अर्थ होगा जो भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में उसके लिए समनुदेशित किया गया है।

57. **न्यूनतम बोनस के भुगतान हेतु उत्तरदायित्व** :- जहां किसी प्रतिष्ठान में, कर्मचारी ठेकेदार के माध्यम से नियोजित किए जाते हैं तथा ठेकेदार धारा 26 के अधीन उनको न्यूनतम बोनस का भुगतान करने में असफल रहता है, वहां, कंपनी अथवा फर्म अथवा संगम अथवा धारा 43 के परंतुक में यथा निर्दिष्ट अन्य कोई व्यक्ति , कर्मचारियों अथवा किसी पंजीकृत श्रमिक संघ अथवा संघों, जिनके कर्मचारी सदस्य हैं, द्वारा ऐसी असफलता की लिखित सूचना दिए जाने पर तथा ऐसी असफलता की पुष्टि पर कर्मचारियों को ऐसे न्यूनतम बोनस का भुगतान करेगा।

58. **निरीक्षण योजना** :- (1) संहिता एवं इन नियमों के प्रयोजनार्थ, श्रमायुक्त द्वारा एक निरीक्षण योजना बनाई जाएगी।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट निरीक्षण योजना में, अन्य ढांचागत तथ्यों के अतिरिक्त, प्रत्येक निरीक्षक - सह- सुकरकर्ता तथा प्रतिष्ठान को योजना में एक संख्या विनिर्दिष्ट की जाएगी।

प्ररूप-एक

(नियम 17, नियम 51 (1),(2)और (3) देखिए)

मजदूरी संहिता के अधीन मजदूरी, अतिकाल जुर्माना, नुकसान और क्षति के लिए कटौती रजिस्टर

कर्मचारी रजिस्टर में अनुक्रमांक	कर्मचारी का नाम	पदनाम/ विभाग	मजदूरी के भुगतान की अवधि (मासिक /पाक्षिक/साप्ताहिक/दैनिक/ खंड में दर्रे)	मजदूरी की अवधि से-तक	अवधि के दौरान कार्य किए गए दिवसों की कुल संख्या	कुल अतिकाल (ओवरटाइम) (कार्य किए गए घंटे अथवा खंड कामगारों के मामले में उत्पादन)	मजदूरी की दर		
							मूल वेतन	डीए	भत्ते
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

अतिकाल (ओवरटाइम) से आय	कृत्यों के नाम चूक जिसके लिए जुर्माना लगाया गया है तारीख के साथ	लगाए गए जुर्माने की राशि	कर्मचारी की लापरवाही अथवा चूक द्वारा नियोक्ता को होने वाली क्षति अथवा नुकसान	मजदूरी वेतन से कटौती की राशि	भुगतान की गई मजदूरी की कुल राशि	भुगतान की तारीख	उपस्थिति	
							तारीख	हस्ताक्षर
(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)	(17)	(18)	(19)

प्ररूप-दो

[नियम 49 देखिए]

[धारा 45 की उप-धारा (5) के अधीन एकल आवेदन]

मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का 29) की धारा 45 की उप-धारा(1) के अधीन नियुक्त प्राधिकारी के समक्ष

..... के लिए क्षेत्र.....

आवेदन क्र. .....20------- का

क, ख, ग (राज्य संख्या का उल्लेख करें) और ---------- अन्य -------- आवेदक (संबंधित कर्मचारियों अथवा पंजीकृत व्यापार यूनियन अथवा निरीक्षक- सह- प्रोत्साहक के माध्यम से)

पता ----------

और

भ, म, य ----------

पता ----------

इस आवेदन में निम्नलिखित का उल्लेख किया गया है:

(1) आवेदक जिनका नाम संलग्न अनुसूची में शामिल किया गया है ---------- में (कार्य की प्रकृति) जो मजदूरी संहिता, 2019 द्वारा कवर होती है/ हैं श्री/ मैसर्स ---------- के ------ (प्रतिष्ठान) में ----- से ------तक -------(श्रेणी) के रूप में नियुक्त किया गया है।

(2) प्रतिवादी मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 2 (1) के अर्थ के अधीन नियोक्ता है/ हैं

(3) (क) आवेदक (आवेदकों) को -------- से ----------तक की अवधि के लिए ---- रूपये प्रति दिन के हिसाब से इस संहिता के अधीन कर्मचारी (यों) की उनकी श्रेणी (श्रेणियों) के लिए नियत न्यूनतम मजदूरी की दरों से कम मजदूरी का भुगतान किया गया है।

(ख) आवेदकों को ------- से ------ तक विश्राम के साप्ताहिक दिनों के लिए -------- रुपये प्रति दिन की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(ग) आवेदकों को ------ से ------ तक की अवधि के लिए अतिकाल दर (रों) पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(घ) आवेदक --------- से ------- तक की अवधि के लिए मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

(ङ) आवेदक (कों) की मजदूरी से जो कटौती की गई है वह इस संहिता का उल्लंघन है। इस आवेदन के साथ संलग्न उपाबंध में विहित ब्यौरे के अनुसार।

